कार्यालय : राज्य शैक्षिक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तराखण्ड, देहरादून

पत्रांक : SCERT/शि0शि0सेवापूर्व/ 543-46 /विज्ञप्ति/दो–I(06)/2021–22, दिनाँक 09 जुलाई, 2021

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed) प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा 2019–20 में सफल अभ्यर्थियों की प्रथम एवं द्वितीय काउंसलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों की अन्तिम राज्य स्तरीय काउंसलिंग सम्बन्धी सूचना

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखण्ड, देहरादून की विज्ञप्ति संख्या SCERT/शि0शि0सेवापूर्व/7474–75/विज्ञप्ति/दो–I(06)/2020–21, दिनाँक 10 मार्च, 2021 एवं विज्ञप्ति संख्या SCERT/शि0शि0सेवापूर्व/446–47/विज्ञप्ति/दो–I(06)/2021–22, दिनाँक 30 जून, 2021 के द्वारा डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 में सफल अभ्यर्थियों की प्रथम राज्य स्तरीय काउंसलिंग की प्रक्रिया दिनाँक 05 अप्रैल, 2021 से 23 अप्रैल, 2021 तक तथा द्वितीय राज्य स्तरीय काउंसलिंग की प्रक्रिया दिनाँक 05 जुलाई, 2021 से 09 जुलाई, 2021 तक सम्पादित की गई। उक्त दोनों चरणों की काउंसलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को, अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि समस्त अनुपस्थित अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, विकल्प पत्र, अनुबन्ध पत्र एवं ओ0एम0आर0 में अंकित समस्त वांछनीय प्रमाण पत्रों के साथ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT) उत्तराखण्ड, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय परिसर, ननूरखेड़ा, देहरादून में दिनांक 20 जुलाई, 2021 से दिनांक 25 जुलाई 2021 तक, उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा की स्थिति में आपका अभ्यर्थन निरस्त समझा जाएगा एवं इस सम्बन्ध में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा तथा रिक्त सीट/स्थान प्रतीक्षा सूची से भर दिया जाएगा। काउंसलिंग से सम्बन्धित विस्तृत दिशा–निर्देश पूर्व में ही SCERT की वेबसाइटhttps://scertuk.gov.in एवं उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर, नैनीताल की वेबसाइटwww.ubse.uk.gov.in तथा प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून की वेबसाइटwww.schooleducation.uk.gov.in पर उपलब्ध है।

अपर निदेशक
एस.सी.ई.आर.टी., उत्तराखण्ड
देहरादून

Scanned with CamScanner